हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

कार्यसूची

द्वितीय सत्र

मंगलवार, 13 मार्च, 2018/22 फाल्गुन, 1939(शक्)

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

1. **प्रश्नोत्तर:**

(1) **तारांकित :**

दिन के लिए — पृथक सूची में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

(2) **अतारांकित:**

दिन के लिए — पृथक सूची में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

2. **कागज़ात सभा पटल पर रखे जाएंगे :**

(1) **श्री जय राम ठाकुर, मुख्य मन्त्री,** भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, इन्कर, वर्ग-III(अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2017 जोकि अधिसूचना संख्या:मुद्रण(बी)2-25/97 दिनांक 15.09.2017 द्वारा अधिसूचित तथा शासकीय राजपत्र में दिनांक 22.11.2017 को प्रकाशित की प्रति सभा पटल पर रखेंगे ।

(2) **डॉ0 राम लाल मारकण्डा, कृषि मन्त्री,** नियंत्रक महालेखापरीक्षक (डी0पी0सी0) अधिनियम, 1971 की धारा 19(ए) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम सीमित का 33वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वर्ष 2016-17 की प्रति सभा पटल पर रखेंगे ।

(3) **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर, वन मन्त्री,** कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(b) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम सीमित का 41वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वर्ष 2014-15 (विलम्ब के कारणों सहित) की प्रति सभा पटल पर रखेंगे ।

3. **वित्तीय वर्ष 2018-2019 के लिए बजट अनुमानः-**

सामान्य चर्चा ।

शिमला-171 004 सुन्दर सिंह वर्मा,
दिनांक: 12 मार्च, 2018 सचिव ।

******

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)